BRAMPTON

**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल ने लगातार तीसरे वर्ष बिना टैक्स वृद्धि और रक्षित पूंजी के रिकॉर्ड योगदान के साथ 2021 का बजट मंज़ूर किया

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (9 दिसम्बर, 2020) – आज काउंसिल की विशेष मीटिंग में, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का 2021 का बजट सर्वसम्मति से मंज़ूर किया।

यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब यह टर्म ऑफ काउंसिल (Term of Council), सिटी के बजट में फंड देने के लिए 0% प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाएगी और साथ ही, 114 मिलियन डॉलर की रक्षित पूंजी का रिकॉर्ड योगदान देगी।

सिटी, लगातार तीसरे वर्ष बिना टैक्स वृद्धि के साथ, इस बजट में लगाए गए समर्पित टैक्सों और रक्षित पूंजी में रिकॉर्ड योगदान के द्वारा, इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रांज़िट में निवेश जारी रख रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह अपने संपत्ति बेस में स्थिरता और ट्रांज़िट के लिए बढ़ती मांगों को पूरा कर रही है। रक्षित पूंजी में योगदान में, स्टॉर्मवाटर फीस से होने वाला राजस्व भी शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप 2021 के बजट के द्वारा, कैपिटल वर्क्स संबंधी प्रोजेक्टों में 114 मिलियन डॉलर का निवेश होगा।

कोविड-19 (COVID-19) महामारी ने निवासियों और कारोबारियों को बहुत बुरी तरह से प्रभावित किया है। इसके परिणामस्वरूप, 2021 के बजट का उद्देश्य, हमारे समुदाय की मदद करना और इसे मज़बूत बनाना है। यह बजट, कम बेसलाइन बजट पर केंद्रित है, ताकि सेवा स्तरों को कायम रखा जा सके और ऐसा जुड़ा हुआ, गतिशील, हरा-भरा, स्वस्थ और सुरक्षित शहर बनाने के लिए समय पर निवेश मिल सकें, जो शहर के आर्थिक वृदधि संबंधी अवसर विकसित करे।

**आंकडों के मुताबिक**

- मंज़ूर किए गए 2021 के बजट के परिणामस्वरूप, टैक्स बिल के सिटी के हिस्से पर 0% प्रॉपर्टी टैक्स ही रखा गया है
- सिटी के कुल संचालन खर्चों में 13.4 मिलियन डॉलर तक की वृद्धि की जा रही है। इसके लिए फंड मूल्यांकन वृद्धि और कम बेसलाइन बजट से आएगा।
- 2021 का कुल बजट 1.2 बिलियन डॉलर का है। इसमें 767 मिलियन डॉलर का संचालन बजट (स्टाफ के वेतन, रखरखाव, ज़रूरी उपयोग की सेवाएं, रक्षित पूंजी) और 476 मिलियन डॉलर का पूंजी बजट (खरीद, मुरम्मत के बड़े कार्य और संपत्तियों: सड़कों, बिल्डिंगों आदि की रिप्लेसमेंट) शामिल है।
- सिटी के बजट में सिटी में रक्षित पूंजी के लिए 114 मिलियन डॉलर का अब तक का सबसे बड़ा वार्षिक योगदान शामिल है, जो सिटी की आर्थिक स्थिति को मज़बूत बनाता है। साथ ही यह भविष्य की अप्रत्याशित घटनाओं और एमरजेंसी संबंधी स्थितियों के लिए तैयारी में और इंफ्रास्ट्रक्चर तथा ट्रांज़िट को मदद करता है।

**झलकियां**

- आर्थिक अवसरों को बढ़ाने और बाढ़ के जोखिमों को कम करने के लिए, डाउनटाउन ब्रैम्पटन में, रिवरवॉक (Riverwalk) प्रोजेक्ट में सिटी के निवेश के हिस्से के तौर पर तीन वर्षों तक 26.1 मिलियन डॉलर
- स्वस्थ सामुदायिक जीवनशैली में मदद के लिए 10 मिलियन डॉलर
- जलवायु परिवर्तन, स्थिरता और कुदरती विरासत संबंधी प्राथमिकताओं को लागू करने में तेज़ी लाने हेतु, एन्वायरनमेंटल मास्टर प्लान (Environmental Master Plan) लागू करने के लिए तीन वर्षों तक 1.5 मिलियन डॉलर
- भोजन संबंधी सुरक्षा में मदद के लिए, कम्युनिटी गार्डन (Community Garden) और बैकयार्ड गार्डन (Backyard Garden) प्रोग्रामों जैसी, ईको-फ्रेंडली पहलकदमियों को जारी रखने के लिए 250,000 डॉलर
- फ्लीट की विश्वसनीयता को कायम रखने के लिए आठ रिप्लेसमेंट बसें; 40 नए ट्रांज़िट शेल्टर; भविष्य की वृद्धि को पूरा करने के लिए, ट्रांज़िट की देखरेख वाली और स्टोरेज वाली तीसरी फैसिलिटी के लिए 175 मिलियन डॉलर
- ब्रैम्पटन एंटरप्रीनियर सेंटर (Brampton Entrepreneur Centre), रोजर्स साइबरसिक्योर कैटालिस्ट (Rogers Cybersecure Catalyst), रायरसन वेंचर ज़ोन (Ryerson Venture Zone), रिसर्च इनोवेशन (Research Innovation) और कमर्शियलाईज़ेशन सेंटर (Commercialization Centre) के द्वारा: गतिविधि को आकर्षित करके, डाउनटाउन ब्रैम्पटन में इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट (Innovation District) को मज़बूत बनाना
- हमारे समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए और सेवा में बढ़ी हुई मांग को समय पर पूरा करने के लिए, एन्फोर्समेंट (Enforcement) संसाधनों को मज़बूत बनाना

**समुदाय की मदद से**

सिटी ने 2021 के बजट के बारे में, ईमेल, फोन और टेलिफोन टाउन हॉल के माध्यम से लोगों को अपनी राय देने के लिए आमंत्रित किया था और लगभग 7,850 लोगों ने इसमें हिस्सा लिया था। सिटी ने कई निवासियों, संगठनों और स्टेकहोल्डर्स से भी राय ली थी, जिन्होंने नवंबर में बजट कमेटी (Budget Committee) में प्रतिनिधित्व किया था।

**हवाले**

"आर्थिक जिम्मेदारी को सबसे ऊपर रखते हुए, हम कोविड-19 महामारी के दौरान, हमारे समुदाय की मदद के लिए, ब्रैम्पटन का तीसरा बिना टैक्स में वृद्धि वाला बजट पेश कर रहे हैं। 2021 का बजट, ट्रांस्पोर्टेशन, स्थिरता, आर्थिक वृद्धि और स्वस्थ जीवनशैली जैसी, हमारे भविष्य को बेहतर बाने वाली प्राथमिकताओं में निवेश गति को बनाए रखने के लिए, रक्षित पूंजी में भी रिकॉर्ड योगदान कायम रखता है।"

– *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन; चेयर, बजट कमेटी*

"ब्रैम्पटन के लोगों ने, सेवा स्तरों को कायम रखने और अपने टैक्स बिल को वहनीय रखने के महत्व के बारे में, अपना स्पष्ट चयन किया है। हमारी बजट प्रक्रिया के दौरान, हमने, 7,850 से अधिक लोगों को शामिल किया और हमारे निवासियों के लिए बेहतर और सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया, जो सेवाएं हम हमारे विविधि, जोशीले समुदाय को प्रदान करते हैं।"

– *पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 व 5; वाइस-चेयर, बजट कमेटी*

"सिटी की मज़बूत आर्थिक स्थिति, टैक्स देने वालों को, अधिकतम मूल्य प्रदान करने के हमारे प्रयासों में संचालक कारक थी। 2021 का बजट, अब और भविष्य में, हमारे समुदाय के स्वास्थ्य और आर्थिक पक्षों के लिए ठोस निवेश करता है। मैं स्टाफ का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरिटीज के मुताबिक निवेश को सुनिश्चित करने के लिए, फुर्ती और जिम्मेदारी से काम किया है।"

– *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca